दिनांक 21.01.2019

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

**भिलाईनगर**/मौसमी बीमारियों की रोकधाम/बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग एंव शहरी परिवार कल्याण विभाग सुपेला की संयुक्त टीम द्वारा निगम के वार्ड 08 **हाउसिंग बोर्ड छावनी**, **प्रगति नगर केम्प–1** में अंबेडकर नगर, **स्टेशन मरौदा** में बजरंग पारा, **लक्ष्मी नगर** में प्रियदर्शनीय स्कूल के पास आयोजित विशेष स्वास्थ्य शिविर में 23 मरीजों का पंजीयन कर रोग निरोधक दवाईयां दी गयी। संदिग्ध मरीजों का खून जांच हेतु–रक्त पट्टिका तैयार कर लैब भेजा गया। दस्त के मरीजों ओ.आर.एस. पैकेट वितरित किया गया।

वार्डो में शिविर संचालन के साथ वार्ड/मोहल्ले में स्थित नालियों एवं जमाव पानी/गन्दे स्थानों पर स्प्रेयर पंप द्वारा मैलाथियान एवं बी. लार्वा का छिड़काव करवाया गया। हैण्ड सेट फॉगिंग मशीन द्वारा मैलाथियान के धुएं का छिड़काव करवाया गया। शिविर में आए मरीजो एवं मोहल्ले में भ्रमण कर नागरिकों के घर के आसपास साफ–सफाई रखने एवं पानी का जमाव न होने दे संबंधित स्वास्थ्य शिक्षा दी गयी।

निगम महापौर व भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव एवं निगम आयुक्त श्री एस0के0 सुंदरानी द्वारा निगम क्षेत्रान्तर्गत स्वाइन फ्लू के संक्रमण के रोकथाम एवं बचाव के लिए आम नागरिकों से अपील की गयी है भीड़ वाली सार्वजनिक स्थलों पर न जायें, सर्दी खांसी से प्रभावित मरीजों के निकट संपर्क से बचें, संक्रमित व्यक्ति के सम्पर्क में आने के पूर्व अपने मुंह व नाक पर रूमाल का प्रयोग करें। बीमार व्यक्तियों के सम्पर्क में आने पर साबुन से हाथ अवश्य धोयें। उक्त सावधानी बरतने से स्वाइन फ्लू जैसे संक्रामक रोग के संक्रमण से बचा जा सकता है।

**जनसम्पर्क अधिकारी**